ई-मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांक-3प/वि0-17-20/2018/7734/प0रा0

बिहार सरकार
पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

मिहिर कुमार सिंह
प्रधान सचिव

सेवा में,

सभी प्रमण्डलीय आयुक्त,
बिहार।

पटना दिनांक 10/8/2022

विषयः- तकनीकी सहायक एवं लेखापाल-सह-आई-टी0 सहायक के रिक्त पदों पर रोस्टर स्वच्छ कर रिक्ति की सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः- विभागीय संकल्प संख्या-4046 दिनांक25.07.2018।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय संकल्प संख्या-4046 दिनांक-25.07.2018 के आलोक में विभागीय पत्र संख्या-4202 दिनांक-31.07.2018 द्वारा तकनीकी सहायक एवं 2096 लेखापाल-सह-आई0-टी0 सहायक के पद संविदा के आधार पर स्वीकृति प्रदान करते हुए रोस्टर स्वच्छ करने का अनुरोध किया गया। उक्त संकल्प की कंडिका 5(ii) में यह प्रावधान है कि आदर्श रोस्टर के अनुपालन हेतु प्रमंडल को इकाई माना जाएगा एवं प्रमण्डलीय आयुक्त द्वारा प्रमंडल अन्तर्गत जिलों को जिलावार/कोटिवार रोस्टर बिन्दु आवंटित किया जाएगा।

उपर्युक्त अंकित प्रावधान के आलोक में प्रमण्डलीय आयुक्त द्वारा रोस्टर स्वच्छ कर जिलावार नियोजन इकाई के द्वारा नियोजन की कार्यवाही पूर्ण की गई है। वर्तमान में तकनीकी सहायक एवं लेखापाल-सह-आई0टी0 सहायक के रिक्त पदों पर नियोजन की आवश्यकता है।

अतएव अनुरोध है कि प्रासंगिक संकल्प के आलोक में तकनीकी सहायक एवं लेखापाल-सह-आई0टी0 सहायक के जिलावार/कोटिवार रिक्त पदों का रोस्टर स्वच्छ कर अद्योहस्ताक्षरी को दिनांक-25.08.2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए ताकि रिक्त पदों पर नियोजन की कार्यवाही आरंभ की जा सके।

विश्वासभाजन

(मिहिर कुमार सिंह)
प्रधान सचिव

ज्ञापांकः- 3प/वि0-17-20/2018/7734/प0रा0पटना दिनांक 10/8/2022

प्रतिलिपि-सभी जिला पदाधिकारी/जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(मिहिर कुमार सिंह)
प्रधान सचिव